# दि इण्डियन स्कूल
## कक्षा – 9
## हिन्दी ( प्रश्न–कोश )

### पाठ 1 – धूल ( रामविलास शर्मा )

1. बालकृष्ण के सहज सौंदर्य को निखारने में धूल का क्या योगदान है ?
2. अभिजात्य वर्ग का धूल के प्रति क्या योगदान है ?
3. लेखक ने ग्रामीण और शहरी बालकों में क्या अंतर दिखाया है ?
4. गोधूलि गाँव की अपनी संपत्ति है – स्पष्ट कीजिए।
5. शरीर का मिट्टी के साथ क्या संबंध है ?
6. लेखक ने धूल भरे हीरे किसे कहा है और क्यों ?
7. शहरों में गोधूलि का अभाव क्यों है ?
8. जीवन के सार तत्त्वों का मिट्टी से क्या संबंध है ?
9. धूल पाठ के माध्यम से लेखक ने देशभक्ति का पाठ कैसे पढ़ाया है ?
10. धूल का सौन्दर्य कब और कैसे साकार हो उठता है ?

### पाठ 2 – दुःख का अधिकार ( यशपाल )

1. व्यक्ति के सुख–दुख में समाज की क्या भूमिका होती है ?
2. बाज़ार में खड़े लोग बुढ़िया के विषय में व्यंग्य बाण क्यों छोड़ रहे थे ?
3. 'दुःख का अधिकार' पाठ के माध्यम से लेखक ने समाज की किस समस्या को बेनकाब किया है?
4. बुढ़िया के परिवार की आर्थिक दशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
5. लेखक बुढ़िया के समीप बैठकर उसकी व्यथा को जानने में स्वयं को असमर्थ क्यों पाते हैं ?
6. बुढ़िया द्वारा नागदेव की पूजा करवाना आपके अनुसार कहाँ तक उचित था ? इससे बुढ़िया के विषय में क्या पता चलता है ?
7. ज़िंदा आदमी तो नंगा भी रह सकता है पर मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जा सकता है – यह पंक्ति समाज की किस वास्तविकता को उजागर करती है ?

### पाठ 3 – एवरेस्ट : मेरी शिखर यात्रा ( बचेंद्री पाल )

1. हिमपात के दौरान पर्वतारोहियों को किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?
2. पाठ के आधार पर बचेंद्री की एवरेस्ट यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
3. बचेंद्री पर मृत्यु का संकट कब और कैसे आया ? उनकी रक्षा किसने और कैसे की ?
4. लेखिका ने अंगदोरजी के साथ पर्वत–शिखर छूने का फैसला क्यों लिया ?
5. पाठ के आधार पर बचेन्द्री की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।
6. प्लूम अर्थात् भारी बर्फ़ का बड़ा फूल कैसे बनता है ?
7. ग्लेशियर के बहने से क्या परिवर्तन आते हैं ?
8. बचेंद्री की एवरेस्ट यात्रा में किन–किन लोगों का योगदान रहा ? स्पष्ट कीजिए।

**पाठ 4 – तुम कब जाओगे, अतिथि ( शरद जोशी )**

1. पाठ के माध्यम से लेखक पाठकों को क्या सीख देना चाहते हैं ?
2. लेखक ने अतिथि को जाने का संकेत किन–किन बातों से देने का प्रयास किया है ?
3. लेखक ने अतिथि की तुलना एस्ट्रोनॉट से करते हुए क्या कहा है ?
4. लेखक और अतिथि के बीच किन–किन विषयों पर चर्चा हुई ?
5. मेहमान का स्वागत किस आशा से किया गया और क्यों ?
6. अतिथि का देवत्व कब तक सुरक्षित रहता है ?
7. अतिथि के आगमन पर मध्यम वर्ग के व्यक्ति की आर्थिक स्थिति डगमगा जाती है। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

कविता 1 – पद ( रैदास )

1. कवि ने स्वयं को प्रभु के निकट किन–किन रूपों में पाया है ?
2. रैदास की भक्ति किस प्रकार की है ?
3. कवि के अनुसार ईश्वर ने किस–किस का उद्धार किया है ?
4. छुआछूत की कुरीति से प्रभु अप्रभावित कैसे हैं ?
5. चकोर पक्षी का उदाहरण कवि ने किस संदर्भ में दिया है ?
6. 'सोनहिं मिलत सुहागा' के माध्यम से कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ?
7. रैदास के पदों का प्रतिपाद्‌य लिखिए।
8. कवि के अंग–अंग में किसकी गंध समा गई है और क्यों ?

कविता 2 – दोहे ( रहीम )

1. कवि ने किस दृष्टांत द्‌वारा यह सिद्‌ध किया है कि बिगड़ी बात नहीं बन सकती ?
2. सुई और तलवार का उदाहरण कवि ने किस संदर्भ में दिया है ?
3. रहीमदास जी के दोहों की विशेषता है ?
4. कवि किस तरह के व्यक्ति को पशु से भी बदतर समझते हैं और क्यों ?
5. वर्तमान समय में रहीम के दोहों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।
6. एक बार जो बात बिगड़ जाती है उसे पुनः क्यों नहीं बनाया जा सकता है ?
7. मुसीबत में व्यक्ति की सहायता कौन करता है ? उदाहरण द्‌वारा स्पष्ट कीजिए।
8. कवि ने दोहा छंद की तुलना नट से क्यों की है ?

कविता 3 – आदमी नामा ( नज़ीर अकबराबादी )

1. कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि आदमी कौन–कौन से अच्छे और बुरे कर्म करता है ?
2. आदमी के विविध रूपों का वर्णन करके कवि क्या कहना चाहते हैं ?
3. बुरे स्वभाव वाले व्यक्ति क्या–क्या काम करते हैं ? कविता के आधार पर लिखिए।
4. आदमी नामा कविता का मूल भाव क्या है ?
5. कविता में कवि ने 'आदमी' शब्द की पुनरावृत्ति किस उद्देश्य से की है ?
6. कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि आदमी का आचरण कैसा होना चाहिए ?

कविता 4 – एक फूल की चाह ( सियारामशरण गुप्त )

1. चारों ओर माताओं का रुदन क्यों सुनाई दे रहा था ?
2. बच्ची के मूलभूत स्वभाव और वर्तमान दशा में क्या अंतर था ?
3. कविता के माध्यम से समाज की किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ?
4. कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए।
5. सुखिया के पिता मन मारकर क्यो बैठे थे ?
6. सुखिया के पिता किस सामाजिक बुराई के शिकार हुए ?
7. कविता में वर्णित मंदिर के सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
8. इस कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?
9. सुखिया के बाहर जाने पर पिता का हृदय क्यों काँप उठता था ?
10. सुखिया के पिता को दिन–रात का आभास क्यों नहीं हुआ ?
11. सुखिया के पिता के साथ लोगों का व्यवहार उचित था अनुचित ? स्पष्ट कीजिए।

संचयन – पाठ 1. गिल्लू ( महादेवी वर्मा )

1. पाठ के आधार पर यह स्पष्ट कीजिए कि पशुओं में भी मनुष्यों की भाँति संवेदनाएँ होती हैं।
2. गिल्लू कहानी के आधार पर लेखिका के पशु प्रेम का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
3. 'पशु भी इंसान से उतना ही प्रेम करता है जितना कि इंसान पशु से।' पाठ के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।
4. महादेवी ने गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता कब और क्यों समझी ? आपकी दृष्टि में पशओं को मुक्त रखना कितना आवश्यक है ?
5. महादेवी ने घायल गिल्लू का उपचार कैसे किया ? यदि आपको कभी कोई घायल पशु–पक्षी दिखे तो आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी ?
6. गिल्लू की समझदारी और क्रियाकलापों पर सबको आश्चर्य होता था। इसी तरह अन्य पशु–पक्षी भी बहुत समझदार और संवेदनशील होते है। इनके प्रति मनुष्य किस प्रकार अपना प्रेम और अपनापन प्रदर्शित कर सकता है ?
7. लेखिका ने गिल्लू के रहन–सहन, खान–पान एवं उसकी सुरक्षा के लिए क्या–क्या उपाय किए ? हमें अपने पालतू पशु–पक्षियों के लालन–पालन के समय किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए?

संचयन – पाठ 2. स्मृति ( श्रीराम शर्मा )

1. मक्खनपुर पढ़ने जाने वाली बच्चों की टोली साँप की फुसकार सुनने के लिए प्रतिदिन कुएँ में ढेला फेंका करती थी। आपके अनुसार अपने मनोरंजन के लिए बच्चों द्वारा अन्य जीवों को परेशान करना कहाँ तक उचित है ?
2. पाठ के आधार पर यह सिद्ध कीजिए कि दृढ़ संकल्प से दुविधा की बेड़ियाँ कट जाती हैं।
3. कभी–कभी मनुष्य बिना विचारे ऐसे जोखिमपर्ण कदम उठाता है जो उसके लिए काफी नुकसानदायक सिद्ध होता है। ऐसे में अपना मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए मनुष्य को क्या करना चाहिए ?
4. पाठ को पढ़ने के बाद किन–किन बाल–सुलभ शरारतों के विषय में पता चलता है ?
5. लेखक जब बच्चे थे, तब वे झूठ बोलना जानते ही न थे। लेखक के इस स्वभाव से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?
6. 'फल तो किसी दूसरी शक्ति पर निर्भर करता है' – पाठ के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए।
7. मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी–कभी कितनी मिथ्या और उलटी निकलती हैं – पाठ के संदर्भ में इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

संचयन – पाठ 3. कल्लू कुम्हार की उनाकोटी

1. त्रिपुरा में जनसंख्या वृद्धि के क्या कारण हैं ? भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में किसी राज्य में जनसंख्या के तीव्र गति से बढ़ने के कारण किन संकटों का सामना करना पड़ सकता है ?
2. उत्तर भारतीय गाँवों में स्वच्छता के नाम पर एक किस्म की अछूत–प्रथा अब भी चलन में है। लेखक ने किस प्रकार की अछूत–प्रथा की बात की है जिसके कारण समाज में ऊँच–नीच का भाव उत्पन्न होता है ?
3. त्रिपुरा बहुधार्मिक समाज का उदाहरण किस प्रकार बना ? इससे वहाँ के मूल निवासियों को क्या लाभ हुए हैं और किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ?
4. 'भारत की मुख्यधारा में आई दिखावेबाज़ संस्कृति ने अभी त्रिपुरा के जन–जीवन को नष्ट नहीं किया है'– लेखक ने ऐसा किस आधार पर कहा है ?
5. भारत के सीमावर्ती राज्यों में विदेशी धुसपैठ एक बड़ी समस्या है। इस समस्या के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालिए और इस समस्या से बचने के कुछ उपाय सुझाइए।